उत्तर प्रदेश शासन
परिवहन अनुभाग-3
संख्या-114/2019/3617/30-3-19-75जीई/2017
लखनऊ दिनांक 13 सितम्बर, 2019

विज्ञप्ति/नियुक्ति

परिवहन आयुक्त संगठन के अन्तर्गत कार्यरत श्री पंकज सिंह (ज्येष्ठता क्रमांक-213) सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (साधारण वेतनमान-वेतन बैण्ड-3, रू० 15,600-39,100 व ग्रेड वेतन रू० 5400) को नियमित चयनोपरान्त उनके कनिष्ठ श्री सुरेश कुमार (ज्येष्ठता क्रमांक-215) की प्रोन्नति की तिथि 14.08.2019 से सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (वरिष्ठ वेतनमान-वेतन बैण्ड-3, रू० 15,600-39,100 व ग्रेड वेतन रू० 6600 पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल-11) के पद पर नोशनल प्रोन्नति प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- श्री सिंह अपनी वर्तमान तैनाती के स्थान पर ही पदोन्नति के पद का कार्यभार ग्रहण कर यथावत कार्य करते रहेंगे।

ह०/-
अरविन्द कुमार,
प्रमुख सचिव।

संख्या- 114/2019/3617 (1)तीस-3-2019,तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार, उ०प्र० इलाहाबाद।
(2) परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
(3) संबंधित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
(4) अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन), उ०प्र० लखनऊ।
(5) संबंधित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी
(6) समस्त उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र)/संभागीय परिवहन अधिकारी (द्वारा परिवहन आयुक्त उ०प्र०)।
(7) संबंधित अधिकारी।
(8) निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ०प्र० इलाहाबाद को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया इस विज्ञप्ति/नियुक्ति को उ०प्र० के सरकारी गजट के आगामी अंक में प्रकाशित कराते हुए मुद्रित राजपत्र की पच्चीस प्रतियां शासन को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
(9) कार्मिक अनुभाग-1 ।
(10)गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
ह०/-
(विनोद कुमार)
उप सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in